भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 513
जिसका उत्तर मंगलवार 06 फरवरी, 2018 को दिया जाना है

विद्युत वाहन

513. श्री कोडिकुन्नील सुरेश:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में विद्युत वाहनों को शामिल करने के लिए कई शहरों की पहचान की है और यदि हां, तो उक्त चयनित शहरों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा आमंत्रित अभिरूचि की अभिव्यक्ति की प्रतिक्रिया में सरकार को केरल सहित विभिन्न राज्य सरकारों से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या यह पहल विद्युत वाहन मिशन 2030 नीति का एक भाग है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) से (ग): सार्वजनिक परिवहन में ई-मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए फेम इंडिया योजना के तहत इलेक्ट्रिक पॉवरट्रेन पर आधारित सार्वजनिक और साझा मोबिलिटी के लिए मांग प्रोत्साहनों को बढ़ाने हेतु दस लाख से अधिक की आबादी वाले शहरों और विशेष श्रेणी के राज्यों से प्रस्ताव आमंत्रित करते हुए दिनांक 31 अक्तूबर, 2017 को एक रूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जारी की गई। उक्त रूचि की अभिव्यक्ति की प्रतिक्रिया में केरल सहित विभिन्न राज्यों से प्राप्त प्रस्तावों के ब्यौरे अनलग्नक में हैं।

इन प्रस्तावों का मूल्यांकन करने के बाद निर्धारित चयन मानदंड के आधार पर सक्षम समिति ने नीचे दिए गए ब्यौरे के अनुसार निधियन हेतु निम्नलिखित शहरों का चयन कियाः-

क्रम संख्या	**शहर**	**बस**	**चौपहिया**	**तिपहिया**
1.	दिल्ली	40	-	-
2.	अहमदाबाद	40	20	20
3.	बेंगलुरू	40	100	500
4.	जयपुर	40	-	-
5.	मुंबई	40	-	-
6.	लखनऊ	40	-	-
7.	हैदराबाद	40	-	-
8.	इंदौर	40	50	200
9.	कोलकाता	40	200	-
विशेष श्रेणी के राज्यों के शहर				
10.	जम्मू	15	-	-
11.	गुवाहाटी	15	-	-
	कुल	**390**	**370**	**720**

चुने गए शहरों द्वारा निविदा प्रक्रिया को अंतिम रूप देना और दिनांक 28 फरवरी, 2018 से पहले आपूर्ति आदेश जारी करना अपेक्षित है।

(घ) और (ङ): भारी उद्योग विभाग द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन मिशन 2030 अभी तक निरूपित नहीं किया गया है।

******

अनुबंध

रूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के तहत प्राप्त प्रस्तावों का विवरण					
क्र.सं	राज्य	शहर	प्रस्तावित वाहनों की संख्या		
			ई-बस	चौपहिया	तिपाहिया
1	गुजरात	सूरत	50	50 (अधिकतम)	
2		अहमदाबाद	100	20 (अधिकतम)	20
3	दिल्ली	दिल्ली (डीटीसी)	100		
4	असम	गुवाहाटी	100		
5	ओडिशा	भुवनेश्वर-कटक	52		
6		भुवनेश्वर	92		500
7	महाराष्ट्र	नागपुर	70		
8		मुंबई (बेस्ट)	100		
9		मुंबई	100		
10		ठाणे	100		
11		नवी मुंबई	30		
12		पुणे	75	500	2000
13	तेलंगाना	हैदराबाद	100		
14	कर्नाटक	मैसूर-बंगलुरू	50		
15		बंगलुरू	100	100	50
16	आंध्र प्रदेश	विजयवाड़ा-अमरावती	40	40	
17		विशाखापटनम	100		300
18	राजस्थान	कोटा	24		
19		जयपुर	100		
20	गोवा	गोवा	50		
21	पंजाब	लुधियाना	100		1385
22		अमृतसर	46	900	9000
23	उत्तर प्रदेश	आगरा (+एससीएल)	100		
24		आगरा	50		
25		कानपुर	50		
26		लखनऊ	50		
27		वाराणसी	50		

28		इलाहाबाद	50		
29	मध्य प्रदेश	भोपाल	100	10	200
30		इंदौर	100	50	200
31		जबलपुर	50	50	
32		ग्वालियर	71		
33	केरल	त्रिवेंद्रम	75	50	4500
34		कोची	85	150	500
35	झारखंड	रांची	112	50	560
36		धनबाद	103	50	515
37		जमशेदपुर	133	50	665
38	उत्तराखंड	देहरादून	77	10	200
39	सिक्किम	गंगटोक	50	50	
40	जम्मू एवं कश्मीर	जम्मू	15		
41		श्रीनगर	23		
42	छत्तीशगढ़	रायपुर	42		
43	पश्चिम बंगाल	कोलकाता	100	200	
44		आसनसोल	30	100	
45	हरियाणा	फरीदाबाद	50		
46		गुरुग्राम	90		
47		गुरुग्राम (पीजीसीआईएल)			500

****